256/सा0-1
दि0-19/09/19

**शीर्ष प्राथमिकता**

**संख्या-3709/सैंतीस-2-2019-**

प्रेषक,

**बी. एल. मीणा,**
**प्रमुख सचिव,**
**उत्तर प्रदेश शासन।**

सेवा में,

**समस्त जिलाधिकारी,**
**उत्तर प्रदेश।**

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनाँक- 19 सितम्बर, 2019

विषयः- **पशुपालन विभाग द्वारा प्रारम्भ किये जा रहे एफ.एम.डी. टीकाकरण अभियान हेतु वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगतार्थ है कि भारत सरकार द्वारा 60 प्रतिशत वित्त पोषित एफ.एम.डी.सी.पी. कार्यक्रम के अन्तर्गत पशुपालन विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में 25वें चरण का एफ.एम.डी. टीकाकरण अभियान प्रारम्भ किया जाना है। टीकाकरण अभियान के सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु वाहनों की महती आवश्यकता है। शासन के संज्ञान में आया है कि पशुपालन विभाग के कतिपय वाहन विभिन्न जनपदों में अन्य विभागों के अधिकारियों के उपयोगार्थ विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये हैं।

2- अतएव इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके जनपद में पशुपालन विभाग के जो भी वाहन अन्य विभागों के अधिकारियों के उपयोगार्थ सम्बद्ध किये गये हैं, उन वाहनों को अविलम्ब पशुपालन विभाग को वापस कराने का कष्ट करें ताकि विभाग द्वारा प्रारम्भ किये जा रहे "एफ.एम.डी. टीकाकरण अभियान" में उनका उपयोग किया जा सके।

प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध है, अतएव तत्काल कार्यवाही अपेक्षित है।

भवदीय,

**(बी. एल. मीणा)**
प्रमुख सचिव।

**पृ0सं0-3709(1)/सैंतीस-2-2019- तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्तानुसार सम्बद्ध वाहनों की उपलब्धता के संबंध में समस्त मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों से आख्या प्राप्त कर प्रत्येक दशा में वस्तुस्थिति से शासन को 03 दिनों के भीतर अवगत करायें।

आज्ञा से,

**(विनोद कुमार द्विवेदी)**
अनु सचिव।

CVO से वाहन सूचना प्राप्त करें

प्र0अ0 (सामान्य-1)